नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................  दिनांक 15.12.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज जंगल धूसड़, गोरखपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा प्रिंस रिऐक्शन और इसके उपयोग विषय पर आयोजित व्याख्यान प्रतियोगिता को सम्बोधित करते हुए हैंकुक विश्वविद्यालय, दक्षिण कोरिया के पोष्ट डाक्टोरेट फेलोसिप डॉ0 निखिल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रिंस रिऐक्शन के पेटेन्ट के क्षेत्र में अपार वाणिज्यिक सम्भावनाएं हैं। प्रिंस रिऐक्शन द्वारा जटिल रासायनिक प्रक्रिया के आरम्भिक अवस्था का पेटेन्ट किया जाता है। ड्रग्स इन्डस्ट्री में जटिल रासायनिक अभिक्रियाओं की इन आरम्भिक अवस्था की अत्यधिक मांग है। इसके सहायता से अनेक प्रकार की दवाओं का व्यापारिक स्तर पर उत्पादन किया जाता है। डॉ0 श्रीवास्तव ने प्रिंस रिऐक्शन के संदर्भ में छात्रों को अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राम सहाय ने तथा आभार ज्ञापन रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 प्रदीप वर्मा, डॉ0 गौरव तिवारी सहित रसायन विज्ञान के विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

भौतिक विज्ञान विभाग में 'विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। 'संचार के माध्यम' विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष की आयुषी शुक्ला को प्रथम, बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष के रंजीत रोनियार को द्वितीय एवं बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष के रूपेष सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम संयोजक भौतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी श्रीमती मनीता सिंह, डॉ0 अभय श्रीवास्तव, डॉ0 अभिषेक वर्मा, श्री हरविन्द श्रीवास्तव सहित शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में वाणिज्य विज्ञान प्रभारी डॉ0 राजेश शुक्ल ने छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया, कार्यक्रम में पवनमुक्तासन, उत्तान पादासन, लोकासन, कन्दरासन, अर्धचन्द्रासन, बद्वकोणासन आदि का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में डॉ0 श्वेता चौबे, डॉ0 विजय कुमार चौधरी, डॉ0 आर0एन0सिंह, सुश्री नूपुर शर्मा, डॉ0 वेंकट रमन, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 आरती सिंह, श्रीमती कविता मन्ध्यान सहित शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**(डॉ0 राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी